# लखनऊ को 9000 करोड़ के कार्यों की सौगात


## रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री ने आईजीपी में परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, यूपी दर्शन पार्क की टिकट दर सौ रुपये

### तोहफा

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ को करीब 9000 करोड़ की परियोजनाओं का तोहफा दिया। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल तरीके से 104 किलोमीटर लम्बी आउटर रिंग रोड का लोकार्पण किया तो प्रधानमंत्री आवास, यूपी दर्शन पार्क, फ्लोटिंग फाउन्टेन लेजर शो, फाइव डी मोशन चेयर थिएटर, गऊघाट पर बना पुल शहर को मिल गए। मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में इनका लोकार्पण किया। कुल 1073.45 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया।

**डीआरडीओ के परीक्षण केन्द्र का भी लोकार्पण:** रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री ने डीआरडीओ के अत्याधुनिक लैब (परीक्षण केन्द्र) का भी लोकार्पण किया। आईजीपी में आयोजित समारोह में रक्षामंत्री ने कहा कि इसके निर्माण से यहां आईटी इण्डस्ट्री भी आएंगी। 100 से अधिक औद्योगिक इकाइयां भी आएंगी। उन्होंने कहा जल्द ही लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी। इसकी फैक्टरी का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने छावनी परिषद में 50 करोड़ से बने 5.05 एमएलडी के पांच एसटीपी का भी लोकार्पण किया। 35 करोड़ से बने डिफेंस टेक्नोलॉजी एण्ड टेस्ट सेंटर सहित कुछ अन्य परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया।

**यूपी दर्शन पार्क की दर तय :** लोकार्पण के साथ ही एलडीए ने सोमवार को यूपी दर्शन पार्क जनता के लिए खोल दिया। हालांकि, इसके लिए लोगों को पैसे चुकाने होंगे, जिसकी दर काफी ज्यादा है। इसके निर्माण पर स्मार्ट सिटी योजना के 10.14 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसके निर्माण में रद्दी स्क्रैप का इस्तेमाल किया गया है।



यूपी दर्शन पार्क के लोकार्पण के साथ ही आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। इसकी टिकट की दर भी घोषित हो गई है।

### बच्चों और बुजुर्गों को चुकाने होंगे 50 रुपये

यूपी दर्शन पार्क घूमने आने वालों को इसकी देखरेख करने वाली कम्पनी को टिकट के लिए 100 रुपये देने होंगे। बच्चों व बुजुर्गों को 50 रुपये देने होंगे। टिकट की दर अधिक होने की वजह से इसमें लोगों का आवागमन प्रभावित हो सकता है। यूपी दर्शन पार्क में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, लाल किला, रूमी गेट सहित कई धार्मिक स्थलों के स्क्रैप के मॉडल बने हैं। तमाम मूर्तियां भी बनी हैं। एलडीए के मुख्य अभियन्ता एके सिंह ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क में लेजर शो तथा मोशन थ्री डी चेयर के टिकट की दर भी जल्दी तय कर दी जाएगी।

### विभागवार शिलान्यास

| विभाग | लागत | संख्या |
|---|---|---|
| नगर निगम | 121.91 करोड़ | 78 |
| पीडब्ल्यूडी | 364.76 करोड़ | 22 |
| एलडीए | 530.19 करोड़ | 40 |
| चिकित्सा शिक्षा | 39.25 करोड़ | 02 |
| माध्यमिक शिक्षा | 8.91 करोड़ | 01 |
| नियोजन विभाग | - | 02 |
| दिव्यांगजन | 6.87 करोड़ | 01 |

### विभागवार परियोजनाओं का लोकार्पण

| | | |
|---|---|---|
| उर्जा विभाग | 7.37 करोड़ | 01 |
| आवास एवं शहरी नियोजन | 433.68 करोड़ | 10 |
| चिकित्सा शिक्षा | 206.97 करोड़ | 01 |
| गृह विभाग | 255.31 करोड़ | 02 |
| जल निगम ग्रामीण | 89.90 करोड़ | 01 |
| नगर विकास विभाग | 426.27 करोड़ | 21 |
| लोक निर्माण | 23.73 करोड़ | 01 |
| कृषि विभाग | 18.52 करोड़ | 01 |
| माध्यमिक शिक्षा | 16.38 करोड़ | 01 |
| पशुपालन विभाग | 3.60 करोड़ | 03 |
| उद्यान विभाग | 4.98 करोड़ | 01 |
| उच्च शिक्षा | 11.81 करोड़ | 01 |
| ग्राम्य विकास विभाग | 18.67 करोड़ | 01 |
| नियोजन विभाग | 5.92 करोड़ | 09 |
| एनएचआई | 5500 करोड़ | 01 |

**104** किलोमीटर लम्बी आउटर रिंग रोड शुरू होने से बड़ी राहत

**5500** करोड़ खर्च हुए आउटर रिंग रोड के निर्माण पर, एनएचएआई का है प्रोजेक्ट

### इन बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास

- 34.68 कोरड़ लागत से प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत 100 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के भवन का निर्माण
- 121.09 करोड़ से अवध चौराहे पर अंडरपास का निर्माण
- 119.10 करोड़ से गोसाईगंज बनी मोहान रोड पर अनूपगंज में रेलवे क्रॉसिंग पर चार लेन ऊपरगामी सेतु का निर्माण
- 100.48 करोड़ से किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड पार्सल संपर्क मार्ग
- 220.36 करोड़ से पक्का पुल से डालीगंज एवं गोमती नदी के ब्रिज तक दो लेन आरओबी कम फ्लाईओवर
- 46.16 करोड़ से हनुमान सेतु से समता मूलक चौराहे तक निशातगंज से कुकरेल नदी के ऊपर ब्रिज का निर्माण
- 43.53 करोड़ से हनुमान सेतु से समता मूलक चौराहे तक सीधे रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज के मध्य बंधा चौड़ीकरण
- 21.76 करोड़ से हनुमान सेतु पर नए पुल का निर्माण
- 19.66 करोड़ से सीजी सिटी में फुट ओवर ब्रिज के पास फूड कोर्ट, पार्किंग, किड्स जोन पार्क, म्यूजिकल पार्क का निर्माण
- 18.74 करोड़ से नगरिया, गोमती नगर विस्तार, जनेश्वर मिश्र पार्क के पास एक एक फ्लड पंपिंग स्टेशन का निर्माण
- 11.38 करोड़ से बसंत कुंज में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने 45 मीटर एवं 24 मीटर चौड़ी सड़क
- 40.52 करोड़ से ग्रीन कॉरिडोर के तहत निशातगंज में सेतु का निर्माण
- 11.99 करोड़ से गोमती नगर विस्तार जनेश्वर मिश्र पार्क में स्पोर्ट्स जोन का निर्माण एवं विकास
- 04.57 करोड़ से राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के मुख्य परिसर को एकेडमिक ब्लॉक से जोड़ने के लिए आरओबी
- 121.91 करोड़ से नगर निगम की 78 सड़कों, नालियों तथा पार्कों का सुधारीकरण

### इन प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ

योजना लागत (करोड़ रुपये में)

- 104 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड: 5500 करोड़
- अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विवि का निर्माण : 206.97
- बसंत कुंज में प्रधानमंत्री आवास योजना के 3800 मकान का निर्माण: 277.02
- यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज का निर्माण : 207.02
- ग्रीन कॉरिडोर के तहत गऊघाट पर सेतु का निर्माण : 33.98
- ग्रीन कॉरिडोर के तहत आईआईएम रोड से हार्डिंग ब्रिज तक बंधे एवं सड़क का काम : 84
- यूपी दर्शन पार्क का निर्माण : 10.14
- हुसैनाबाद में छोटा, बड़ा इमामबाड़ा, रूमी गेट पर फसाड लाइटिंग : 8.24
- नवीन पुलिस लाइन कल्ली पश्चिमी, ट्रांजिट हॉस्टल के चार ब्लॉक का निर्माण : 48.29
- शुद्ध पेयजल हेतु हर घर नल योजना से 34 परियोजनाओं का काम : 89.90
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामुदायिक मनोरंजन केंद्र का निर्माण : 12.06
- 11 स्मार्ट मार्ग के निर्माण एवं विकास का कार्य : 41.06
- 75 पब्लिक हेल्थ एटीएम सेंटर: 33
- कलेक्ट्रेट परिसर में भूमिगत मल्टीलेवल पार्किंग का काम:17.01
- जनेश्वर मिश्र पार्क में मल्टीमीडिया लेजर शो:18.50
- औरंगाबाद में अहाना एनक्लेव योजना के तहत 576 भवनों का निर्माण: 271.26